# परिजनों से पैसा ऐंठने युवक ने रची खुद के अपहरण की साजिश

## बेटे की खून से लथपथ फोटो देख थाना पहुँचे परिजन

शहडोल।

कोतवाली थाना अंतर्गत कल्याणपुर निवासी अयान खान पिता अशद खान, गुरुवार दोपहर 2 बजे अचानक घर से निकला। इसके करीब डेढ़ से दो घंटे बाद युवक के घर के मोबाइल में उसकी खून से लथपथ एक फोटो भेजी गई। जिसमें उसके सिर से काफी खून बहता हुआ नजर आ रहा था। युवक (अयान) की करीब दो तीन इसी तरह खून से लथपथ फोटो घर वालों के पास उसके ही नंबर से भेजी गई। इससे घर वाले काफी डर गए। उन्होंने जब बेटे के मोबाइल पर फोन लगाया तो कॉल रिसीव नहीं किया जा रहा था। जिससे वह और अधिक भयभीत हो गए। कुछ देर में बेटे के नम्बर से घर के मोबाइल में परिजनों के पास वॉइस कालिंग के माध्यम से मैसेज भेजा गया। इसमें कोई अज्ञात व्यक्ति यह कह रहा था कि वह रायपुर से बोल रहा है। उसने अयान का अपहरण कर लिया है। तुरंत तीस हजार रुपए अयान के नम्बर पर ऑनलाइन ट्रांसफर करो नहीं तो वह अयान को मार डालेगा।



अपने बेटे की खून से लथपथ फोटो देखने और अनजान व्यक्ति द्वारा वॉइस मैसेज में दी गई धमकी के बाद परिजन रोने बिलखने लगे। वह दौड़े भागे कोतवाली पहुंचे। जहां सारे मामले से पुलिस को अवगत कराया। पहले तो पुलिस को युवक की खून से लथपथ फोटो देखकर यही लगा कि सच में उसके साथ ऐसी घटना हो गई है। घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस ने युवक के दोस्तों व रिश्तेदारों से सम्पर्क किया तो पता चला कि उक्त फोटो और मैसेज उनके पास भी युवक के नम्बर से भेजा गया है।पुलिस को कुछ संदेह हुआ तो लापता युवक के दोस्तों से पूछताछ की तो पता चला कि अयान की एक महिला मित्र शहडोल में ही रहती है,वह उससे बात करता है। इसके बाद पुलिस ने उक्त युवती से पूछताछ की तो पुलिस का संदेह सही निकला। युवती ने बताया कि वह आज रात उससे मिलने वाला है। इसके बाद पुलिस को समझ आ गया कि युवक का अपहरण नहीं हुआ है बल्कि उसने घर वालों से पैसा ऐंठने के लिए यह साजिश रची है। इसके बाद पुलिस इंतजार करने लगी कि वह युवती से मिलने आए और उसे पकड़ा जा सके। रात्रि लगभग 1 बजे अयान अपनी महिला मित्र से मिलने पहुंचा, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसके बाद अपहरण के साजिश का खुलासा हुआ। साथ ही इस बात का भी पता चला कि युवक के सिर में कोई चोट नहीं है। बल्कि फोटो में नजर आ रहा खून, लाल रंग था। इस बीच दोपहर करीब 2 बजे से रात 1 बजे तक पुलिस मामले को सुलझाने में लगी रही।कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र तिवारी ने बताया कि युवक को उसके महिला मित्र के घर के सामने से पुलिस ने पकड़ा था, जिसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज शहडोल ले जाकर उसकी जांच करवाई गई लेकिन उसे कोई भी चोट नहीं थी।

### जिले को विशेष पैकेज दिया जाए अन्यथा बैठक होगी पिकनिक : रतनचंद

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि दमोह जिला बहुत सौभाग्यशाली है पूर्व में महामहिम राष्ट्रपति के बाद सिंग्रामपुर में डॉ. मोहन यादव की केबिनेट बैठक हो रही है उनकी मप्र के मुख्यमंत्री से मांग है कि जबेरा ब्लाक के सिंग्रामपुर सिंगोरगढ़ में आयोजित बैठक में दमोह जिले के लिये भी विशेष पैकेज दिया जाये।

कृषि प्रधान जिला होने के कारण विधानसभा चुनाव समय आपकी पार्टी के घोषणा पत्र में कहा गया था कि सोयाबीन 6000 रूपये धान 3100 रूपये गेहूं 2700 रूपये में खरीदी जायेगी एवं एमएसपी लागू की जायेगी किन्तु अब तक आपकी सरकार द्वारा कुछ नहीं किया गया। श्री जैन ने कहा कि जिला चिकित्सालय में हुई 4 प्रसूताओं की असमय मोतो के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई न नहीं पीड़ित परिवारों को शासन-प्रशासन द्वारा मुआवजा दिया गया।



## युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर एफआईआर के विरोध में युवा कांग्रेस ने फूंका पुतला

शहडोल।

मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह के खिलाफ हुई एफआईआर, भाजपा सरकार की अलोकतांत्रिक नीति का जीता-जागता उदाहरण है। लोकतंत्र में अपनी बात कहने का सभी को हक है, लेकिन सरकार के कुशासन का सच बताने पर एफआईआर, इस सरकार के डर का प्रमाण है।सरकार के इस अलोकतांत्रिक कृत्य के विरोध में युवा कांग्रेस शहडोल जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम के नेतृत्व में युवा कांग्रेस शहडोल ने मध्यप्रदेश भाजपा सरकार का फूंका पुतला एवं सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उक्त प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष नीरज द्विवेदी जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र मरावी, मोहम्मद यूसुफ राजेश सोंधिया, सुफियान खान, अभिषेक शुक्ला, निशांत जोशी, सोनू चौबे, शेख आबिद, मोहसिन खान, मुशरान खान, नमो गर्ग, सनी खान, अलीम खान, शिवम गोस्वामी, निभम रजक सहित युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छात्रावास गजवाही में मनाई गई गांधी एवं शास्त्री की जयंती



जयसिंहनगर।

विगत 2 अक्टूबर दिन बुधवार को आदिवासी बालक छात्रावास गजवाही में बड़े धूमधाम के साथ जयंती मनाई गई छात्रावास अधीक्षक बुद्धसेन सिंह के उपस्थिति में राष्ट्र पुरुषों के जीवनी के बारे में बच्चों के समक्ष छात्रावास अधीक्षक बुद्धसेन सिंह द्वारा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में एवं इन महान पुरुषों द्वारा हमारे देश के प्रति जो कुर्बानी दी गई उसे विधिवत व्याख्या किया गया। साथ में बच्चों द्वारा रैली निकाल कर प्रभात फेरी की गई तथा गंदी बस्ती मैं एवं छात्रावास प्रांगण के अंदर साफ सफाई बच्चों एव अधीक्षक के स्वयं के द्वारा साफ सफाई किया गया तथा झाड़ू लगाया गया अधीक्षक द्वारा बच्चों को नैतिक शिक्षा के बारे मे तथा बागवानी शिक्षा व शारीरिक शिक्षा के बारे में प्रेरित किया गया ग्राम गजवाही के गण मान्य नागरिक तथा जन प्रतिनिधि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे तथा छात्रावास के समस्त कर्मचारी गण भी मौजूद थे।

## सरवाही कला के उप सरपंच से परेशान ग्रामीण आदिवासी

### परिजनों पर शासकीय भूमि की हेराफेरी कर करोड़ों रुपये अर्जित करने का आरोप

ब्यौहारी।

ग्राम पंचायत सरवाही कला मे उपसरपंच विक्रमादित्य गुप्ता एवं मौरध्वज गुप्ता के द्वारा पंचायत क्षेत्र की शासकीय भूमि का फर्जी पट्टा बनवाकर अबैध कब्जा करने एवं शासकीय भूमि का क्रय विक्रय किये जाने के साथ आदिवासियों की जमीन मे जबरन कब्जा करने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहा है इस संबंध में हासिल जानकारी के अनुसार ग्राम सरवाही की आराजी खसरा नंबर 319 मे करीब एक एकड का पट्टा किसी अमृतलाल गुप्ता के नाम वर्ष 2005 में पट्टा बनवाकर कब्जा कर लिया गया है जबकि उक्त आराजी मे रामकरन गोंड का मकान एवं कुआं बना है जिसका फर्जी पट्टा बनवाकर प्लाटिग कराया गया है खसरा नंबर 104/9 मे करीब 2 एकड़ का पट्टा बनवाकर अन्य किसानों को परेशान किया जा रहा है और उक्त आराजी नंबर के कृषक सियावती गुप्ता को भी परेशान किया जा रहा है आराजी खसरा नंबर आधा एकड़ भूमि जो रामदास साहू के पट्टे की भूमि थी बिना रजिस्ट्री के नामान्तरण करवा लेने का आरोप लगाया गया है ग्राम पंचायत सरवाही कला के उप सरपंच द्वारा हरियाणा के किसी व्यक्ति को आराजी खसरा नंबर 78, 74, 305, 66, नंबर की 63 एकड़ एवं शासकीय आराजी करीब 37 एकड़ कुल मिलाकर करीब 100 एकड़ जमीन पर कब्जा कराकर दो करोड़ रुपये लिए जाने का आरोप ग्रामीण आदिवासियों के द्वारा लगाया जा रहा है इसी तरह से उप सरपंच के पिता के नाम पर एक किसान की करीब चार एकड जमीन बिना बिक्री नामा अभिलेख के पट्टा करवा लेने की बात बताई गई है किसी सुनील कुमार गुप्ता पिता छोटेलाल गुप्ता निवासी सरवाही कला के नाम आराजी खसरा नंबर 352 जो आदिवासियों के पट्टा एवं कब्जा दखल की भूमि थी पट्टा बनवाकर किसी यादव को बाइस लाख रुपये मे बिक्री कर दिया गया है ज्ञात हो कि सरवाही कला रिजर्व फारेस्ट संजय टाइगर बफर जोन से लगा गाँव है जहां वन भूमि एवं राजस्व की रिक्त पडी शासकीय भूमि खाली पडी है उप सरपंच विक्रमादित्य के पिता मौरध्वज गुप्ता पूर्व में वन समिति के अध्यक्ष रहे और अपने पद का दुरुपयोग कर शासकीय भूमियो को अपने कब्जे की बताकर एवं फर्जी पट्टा बनवाकर बिक्री कर मालामाल हो रहे हैं और यहां का प्रशासनिक अमला मूकदर्शक बना है ग्रामीणों द्वारा लगाये गये आरोपों मे कितनी सत्यता है यह तो जांच से ही स्पष्ट हो पायेगा किन्तु ग्राम पंचायत सरवाही कला के उप सरपंच एवं उनके परिजनों द्वारा दादागीरी के दम पर शासकीय भूमि की खरीदी बिक्री किये जाने की बात ग्राम पंचायत सरवाही कला के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है और ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि ग्राम पंचायत सरवाही कला के उप सरपंच एवं उनके परिजनों द्वारा अर्जित की गई भूमि की जांच करा ली जाय सारी स्थिति अपने आप स्पष्ट हो जायेगी ।

## धूमधाम से मनाई गई महर्षि अग्रसेन जयंती, आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

शहडोल।

अग्रसेन जयंती प्रतिवर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को मनाई जाती है, जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर माह में पड़ती है। यह दिन महाराजा अग्रसेन की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो अग्रवर्ण या अग्रवाल समुदाय के पूर्वज माने जाते हैं।शहडोल शहर में भी अग्रसेन जयंती पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम हुए जिसमें सबसे पहले अग्रसेन महाराज जी की पूजा विधि विधान से समाज के वरिष्ठ सदस्यों चंदू अग्रवाल, राजू अग्रवाल, नरेश सिंघल, राजेंद्र अग्रवाल, सुरेश खंडेलिया के माध्यम से संपन्न हुई।

अग्रसेन महाराज जी छायाचित्र पर भव्य पुष्पहार चढ़ाया गया । यह पुष्पहार अग्रसेन महिला समिति की अध्यक्ष अदिति सरावगी द्वारा बनायी गई थी, जो कि काफी आकर्षक थी,इससे पहलऐसे पुष्पहार के



दर्शन किसी को नहीं हुए थे, जिसमें अग्रवालों के सभी 18 गोत्रों का वर्णन किया गया था यह माला तत्पश्चात इसके बाद अग्रसेन मात्रा समिति की सचिव संजू मोर ने स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए सभी अग्र बांधों का स्वागत किया।जैसा कि इस दिन विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें महाराजा अग्रसेन की जीवनी और उनके योगदान पर विशेष चर्चा होती है इसी कड़ी में समाज की वरिष्ठ महिलाओं के द्वारा रामायण की चौपाई का गीत गाकर बड़ा ही सुंदर वर्णन किया गया जिसे राम दरबार के रूप में मनमोहक झांकी के द्वारा छोटे बच्चों के द्वारा दर्शाया गया।फिर बारी आती है रंगारंग कार्यक्रमों की जिसमें जीरो से 4 साल के बच्चों ने फैंसी ड्रेस कंपटीशन में भाग लिया जिसमें प्रथम पुरस्कार शरद खेमका द्वितीय डुग्गू अग्रवाल तृतीया अयॉन्श खंडेलिया ने प्राप्त किया। इसके बाद 5 से 9 साल तक के बच्चों का डांस हुआ जिसमें प्रथम अथर्व खंडेलिया द्वितीय अद्विका डालमिया तृतीय वान्या अग्रवाल ने प्राप्त किया। समाज के युवा वर्ग के लिए मातृ समिति की अध्यक्ष अदिति शरावगी ने विशेष गेम जो की कपल गेम था की प्रस्तुति दी जिसमें समाज के युवा वर्ग ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अंत में रात्रि के भजनभोजन के पश्चात सभी लोगों ने अग्रसेन महाराज जी की जयंती को सादर नमन करते हुए अपने-अपने घर की ओर प्रस्थान किया। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण योगदान मनीष अग्रवाल राहुल अग्रवाल चंदू अग्रवाल संजय मित्तल टिम्मी अग्रवाल सूरज डालमिया जी अंकित अग्रवाल सचिन अग्रवाल सेंकीं खंडेलिया इत्यादि लोगों का रहा। यह दिन अग्रवाल समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें वे अपनी सांस्कृतिक विरासत और अपने पूर्वजों की याद में एकत्र होते हैं।

## पूर्व अध्यक्ष और जनपद उपाध्यक्ष का श्रीफल एवं साल से किया स्वागत

**ब्योहारी।** जनपद पंचायत ब्योहारी मे सभागार का निर्माण कराया गया है जिसका नामकरण आज पूर्व जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वर्तमान जनपद सदस्यों की उपस्थित मे जनपद पंचायत अध्यक्ष आकांक्षी सिंह द्वारा किया गया है जिसमे सभागार का नाम गोविन्द सभागार रखा गया है। कार्यक्रम मे सभागार के नामकरण के बाद उपस्थित पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेश सिंह, विभा सिंह, हारेंद्र सिंह, अनिल सिंह एवं जनपद उपाध्यक्ष दमोदर पटेल, छोटेलाल बैस का श्रीफल, साल एवं माँ दुर्गा की प्रतिमा भेट कर उनका सम्मान किया गया जंहा




वर्तमान के सभी जनपद सदस्य एवं जनपद के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे अध्यक्ष आकांक्षी सिंह द्वारा पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्याय का सम्मान करने की जो अनोखी पहल की गयी उसकी चर्चाए भी हो रही है साथ ही सम्मानित होने के बाद जनप्रतिनिधियों के चेहरे मे एक अलग ही मुस्कान देखने को मिली साथ ही जनपद अध्यक्ष अध्यक्ष के चेम्बर का भी उद्घाटन पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया है।



## मोगली प्रतियोगिता में सीएम राइज विद्यालय के छात्रों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

जबेरा।

जिला स्तरीय मोगली प्रतियोगिता में सीएम राइज विद्यालय जबेरा की जूनियर टीम ने प्रथम स्थान एवं सीनियर टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर एक बार फिर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा द्वारा छात्रों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वही सीएम राइज विद्यालय जबेरा की जूनियर टीम द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा शैलेंद्र असाटीए सहायक जिला परियोजना समन्वयक मोहन रायए दमोह उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य संजय दुबे सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय मोगली प्रतियोगिता में सीएम राइज विद्यालय जबेरा से जूनियर टीम में छात्र कुहू राय एवं अंश तिवारी कक्षा आठवीं के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर टीम में छात्र शुभम मेहरा एवं उत्कृष्ट विद्यालय जबेरा की छात्रा रूबी विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिला स्तरीय मोगली प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने पर विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई ने छात्रों की सराहन करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए बड़े गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय के छात्र शिक्षा संस्कार और संस्कृति के साथ खेलकूद में भी जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं जिसके लिए सभी छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं और साथ ही हम मोगली प्रतियोगिता के प्रभारी विद्यालय के शिक्षक माखनलाल साहू जी के प्रयासों एवं मेहनत की भी सराहना करते हुए उन्हें भी बधाई देते हैं जिनके प्रयासों से छात्रों ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के छात्रों द्वारा जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उपप्राचार्य अजय सिंघई, शिक्षक उमेश शर्मा, पप्पू राय, रामकिशोर शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने बधाई दी हैं।

## गोहपारू थाना के सामने स्थित बाइक शोरूम में लगी आग

### धू-धू कर जलने लगी शिवधाम एजेंसी

शहडोल।

जिले के गोहपारू थाने के ठीक सामने शिवधाम एजेंसी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जानकारी लगने के बाद पुलिस के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग को कड़ी मशक्कत से बुझाया गया। थाने के ठीक सामने एजेंसी होने की वजह से धुआं उठते देख पुलिसकर्मी थाने से एजेंसी की ओर दौड़ पड़े और आग बुझाने में सहयोग किया। हीरो बाइक की एजेंसी शिव धाम में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणो से आग लग गई। आग लगने की जानकारी पुलिस ने दमकल कर्मियों को दी। जानकारी लगते ही दो दमकल के वाहन मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। थाने के ठीक सामने यह एजेंसी है, जिसकी वजह से धुआं उठता देख पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय लोग मौके पर दौड़ पड़े और एजेंसी के भीतर खड़े सभी दो पहिया वाहनों को बाहर निकाल दिया गया है। शोरूम की मोटरसाइकिलें आग की चपेट में नहीं आईं। लेकिन एजेंसी में रखा हुआ ऑइल, टायर एवं बाइक के पाट्‌र्स को आग ने अपने आगोश में ले लिया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों के साथ पुलिस बल मौके पर पहुंचा है। एजेंसी के अंदर रखी हुई सभी नई मोटरसाइकिल को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकलवा लिया है। बाइक पाट्‌र्स के गोदाम में आग फैल गई थी, जिसे बुझाने के लिए दो दमकल वाहनों के साथ दमकलकर्मियों ने आग बुझाई। शोरूम के मालिक अभिषेक गुप्ता के अनुसार आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।



## लैम्पस जयसिंहनगर में साधारण किसान आम सभा की बैठक बनी औपचारिकता

### प्रभारी लैम्पस प्रबंधक चला रहे लैम्पस में अपने मनमानी की हुकूमत

जयसिंहनगर।

विगत दिनांक 28 सितंबर दिन शनिवार को साधारण किसान आम सभा की बैठक लैम्पस जयसिंहनगर में सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति की गई जिसमें अधिकांश किसान इस बैठक में वंचित नजर आए जिसमें यह किसानों की बैठक महज एक औपचारिकता रहाहै। वैसे भी यह जयसिंहनगर लैम्पस भ्रष्टाचार में बहुचर्चित माना जना जाता है। प्रभारी लैम्पस प्रबंधक का मनमानी हुकूमत चलता है। यह साधारण किसानों की आम सभा की बैठक हुई तो जरूर है लेकिन चोरी छिपे जितने भी ऋणी एवं अऋणी किसान जो की इसके सदस्य हैं। अधिकांश लोगो तक इसकी विधि बात सूचना नहींमिल पाती है। अगर समाचार पत्र में विज्ञापन व सर्वसाधारण सूचना भी अगर विधिवत ढंग से प्रकाशन पर्याप्त समय सीमा में संस्था द्वारा कराया जाता तब कही जाकर किसानों को इसकी सूचना मिलपाती लेकिन किसान यहां चक्कर काटते काटते थक जाते है तब पर भी किसानों का काम यहां नहीं हो पताहै। लेकिन भ्रष्टाचारी प्रभारी लैम्पस प्रबंधक की तनाशाही चरम पर है ऊपर स्तर मे




संबंधित अधिकारी से अगर सूचना एवं शिक़ायत किया जाता है-तो संबंधित अधिकारी गैर-जिम्मेदाराना जवाब देते हैं। प्रतिनिधि द्वारा जब इस विषय में उप पंजीयक सहकारी समिति शहडोल सीपी भदोरिया से जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया क्या किसानों के घर-घर लैम्पस प्रबंधक जाकर किसानों को सूचना देगा, देखता हूं मैं जांच कराऊंगा। क्योंकि आदिवासी जिला होने के नाते यहां जन समस्या को नजर अंदाज कर दिया जाताहै इसका मुख्य वजह इस संभाग के चुने हुए जनप्रतिनिधि चाहे सांसद हो या फिर विधायक आम जनमानस के लिये या फिर आम समस्या के प्रति सजग एवं कर्मठ जनता के प्रति नहीं होंगे तब तक यही दुर्दशा आम जनता का होता रहेगा इसी प्रकार से अधिकारी कर्मचारी अपना रुतबा झड़ते आम जनमानस के बीच यही रवैया अपनाते रहेंगे वैसे भी किसान चौतरफा मार से पीड़ित है उनका कोई सुनने देखने को तैयार नहीं है। ऐसे भ्रष्ट कर्मचारी के प्रति कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

# एक टीएस-एएस पर दो पुलिया निर्माण की जांच के बाद लीपापोती में लगे अधिकारी!

### ग्राम पंचायत भजियादंड का मामला

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** गांव के विकास में केन्द्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना मनरेगा कारगर साबित हो रहीं हैं, लेकिन कुछ पंचायतों में उपयंत्री व सचिव की अज्ञानता के चलते उक्त योजना से पैसा कमाने तक ही केवल सीमित रख दिया गया हैं। चाहे कार्य में गुणवत्ता बरते या फिर शासन की गाईडलाईन को दरकिनार रखें। फिर उक्त कार्यो में जांच हो भी जावें तो उन्हीं भ्रष्ट कार्यप्रणाली को लेकर दस्तावेजों में फेरबदल करने और उक्त लोगों को कैसे बचाया जा सकें इस कार्य में लगें हुए हैं, भले ही जनहित के कार्यो को उक्त लोग अपना कमाई का जरिया मानते हों, ऐसे उपयंत्री व सचिव के खिलाफ बड़ी कार्यवाही होनी चाहिए, जिससे की आगे कोई ऐसा कृत्य ना कर पाये।

मनरेगा योजना से जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत भजियादंड में पदस्थ उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुल्के व सचिव कमल कटरे से जुड़ा हुआ मामला




सामने आया हैं। उपयंत्री के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गांरटी के तहत पीडब्लूडी रोड़ से आमा तालाब सड़क में पाईप पुलिया निर्माण कार्य में एक टिएस बनाकर दो पाईप पुलिया का निर्माण किया गया हैं।

उक्त दोनों पाईप पुलिया में स्वीकृति बोर्ड के तहत पाईप पुलिया के उपर ही चित्रित किया गया हैं जिसमें लिखा गया हैं कि टीएस 195940/ 1 मार्च 2023 और एएस 195940/ 1 मार्च 2023 को किया गया। जिसकी लागत 11.90 लाख रूपये बताया गया हैं। इस कार्य की मनरेगा मजदूरी 221 रूपये दर्शया गया हैं। दुसरे कार्य ग्राम पंचायत में ही स्वच्छता मिशन के तहत नाडेप का सत्र 2023-24 में ही निर्माण किया गया, जिसमें नाडेप पुरी तरह से जमींदोज हो गये हैं, उक्त निर्माण कार्यो को लेकर ग्रामीणों के द्वारा आवाज उठाई थीं। जिसकी पूर्व में शिकायत व समाचार पत्रों के माध्यम से जिला पंचायत सीईओं के संज्ञान में लाया गया था, जिनके द्वारा जिला पंचायत से रंजीत पटले अधिकारी को जांच अधिकारी बनाते हुए जांच में भेजा गया था, लेकिन जांच रिपोर्ट में सीईओं को अवगत कराया कि वह जांच किसी उच्च अधिकारी को दें, जिसके बाद शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (आरईएस) बालाघाट के कार्यपालन अधिकारी मनोज धुर्वे को जांच अधिकारी बनाया गया, उनके द्वारा एसडीओं खैरलांजी श्री हिरकने के साथ मौके स्थल पर पहुंचकर पुलिया की जांच की गई।

विभागिय सूत्रों की माने तो उक्त निर्माण कार्य पैसे के लालची उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुल्के के द्वारा अपनी मनमनी करते हुए अपने चहिते ठेकेदार को कार्य दिया गया और सचिव के साथ मिलकर राशी को बंदरबाट किया गया। अब एक टिएस व एएस की फाईल को चेंज करने में लगें हुऐ हैं जिसमें उक्त कार्य की निकाली गये स्टिमेंट को बदला जा रहा हैं, जिसमें योजना चल रहीं हैं कि उक्त कार्य का टिएस व एएस को निरस्त कर दो पाईप पुलिया के दो टिएस व दो एएस बनावाकर उक्त जांच रिपोर्ट के साथ सीईओं व कलेक्टर के समक्ष जांच सौंपी जाये। लेकिन बता दे कि उक्त कार्ये की एमबी फाईल भी बनकर करीब 10 लाख रूपये तक का बिना फर्म वाले फर्जी बिलों से राशी का भुगतान कर दिया गया हैं। क्या अधिकारी उक्त निर्माण कार्य के साथ-साथ उन भुगतान किये फर्जी बिलों की भी जांच कर पायेगें या फिर खानापुर्ती तक ही सीमित रह जायेंगा। उक्त उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुल्के व सचिव कमल कटरे के विरूद्ध प्रशासन उच्च स्तरीय कार्यवाही की जानी चाहिए क्योंकि सरकार की राशी को चुना लगाने में लगे हुए हैं। घटिया स्तर के कार्यो में राशी निकालकर अधिकारी को अवगत कर रहें हैं पंचायत में उक्त कार्य हो चुका हैं, पर मौके स्थल पर कुछ और ही कार्य कहता हैं।

#### इनका कहना हैं

जांच के रूप में उक्त पुलिया की जांच की गई हैं, जिसमें मनरेगा योजना अंतर्गत एक स्टिमेट पर दो पुलिया का निर्माण किया गया हैं, दस्तावेज को देख कर जांच रिपोर्ट तैयार कि जा रहीं हैं, उक्त जांच रिपोर्ट आने वाले सोमवार को जिला पंचायत अधिकारी को सौंप दी, जायेगी।

**मनोज धुर्वे कार्यपालन यंत्री, आरईएस बालाघाट**

# अवैध लकड़ी परिवहन करते पकड़ाया ट्रक

### आम की लकड़ी कर रहे थे परिवहन, लामता वन विभाग की कार्यवाही।

**बालाघाट( स्वतंत्र मत)।** जिले के लामता क्षेत्र से आम की अवैध लठ्ठों का ट्रक में तस्करी करते हुए वन विभाग लामता के परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा नगरवाड़ा बेरियर पर ट्रक को पकड़ा गया हैं। उक्त ट्रक में करीब 27 नग लठ्ठों सहित ट्रक को जब्त कर कार्यवाही की गई हैं।जानकारी अनुसार 4 अक्टूबर की अलसुबह करीब 5 बजे वन विभाग की गस्ती टिम के द्वारा लामता क्षेत्र के नगरवाड़ा बेरियर पार करते वक्त बगैर हेम्बरिंग लगे आम की लकड़ियों से भरा ट्रक एमपी 07 एचबी 3088 अवैध रूप से



लाते हुए ट्रक में 27 नग आम के लठ्ठे, 3 नग अन्य लकड़ी, वन अपराध क्रमांक 2722/50 दिनांक 4/10/24 परिवहन रोका गया। जब वाहन चालक समीम खान बोरी निवासी से पुछताछ की तो उन्होने बगैर हेम्बरिंग वाली लकड़ी के संबंध में कहा की यह लकड़ी देवरी भाट से इंदौर जा रहा हैं बताया, साथ ही टीपी दिखाई गई, लेकिन हेम्बरिंग के बारे में कुछ नहीं किया गया, तत् पश्चायत गस्ती दल के द्वारा उच्च अधिकारियों के संज्ञान में के तहत कार्यवाही की गई।इस कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी कृष्ण कुमार नामदेव, विजय श्रीवास्तव, शिवेंद्र टेकाम, वनपाल कृष्ण कुमार हरिनखेड़े, वन रक्षक मुन्नालाल पटले, किसन वरकड़े के सहयोग से जप्त की कार्यवाही कर ट्रक को परिक्षेत्र कार्यलय उत्तर लामता में लाकर रखा गया।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बुनियादी सेवाओं में हुआ सुधार

**बालाघाट( स्वतंत्र मत )।** गुरुवार को मुख्य सचिव अनुराग जैन ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में केंद्र शासन की विशेष सहायता से स्वीकृत कार्यो की वीसी के माध्यम सेवसमीक्षा की। देर शाम तक चली समीक्षा बैठक में आईजी संजय कुमार, कलेक्टर मृणाल मीना और एसपी नगेन्द्र सिंह ने सड़क, बिजली और अन्य भवनों के सम्बंध में जानकारिया दी। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ सहित सम्बधित विभागों के सभी विभाग प्रमुख मौजूद रहे। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बिजली के 5 करोड़ 85 लाख रुपये से अधिक कार्य प्रस्तावित भी है। साथ ही घरों में बिजली पहुचाने के लिए ट्रांसफार्मर, लाइन बिछाना जैसे 1 करोड़ 93 लाख 41 हजार की राशि के कार्य प्रगतिशील है।

## कलेक्टर ने दो एसडीएम के बदले प्रभार

**बालाघाट( स्वतंत्र मत )।** कलेक्टर मृणाल मीना ने प्रशासनिक दृष्टि से दो एसडीएम के आपस मे प्रभार बदले है।वर्तमान में लांजी अनुभाग में पदस्थ एसडीएम प्रदीप कौरव अब परसवाड़ा के एसडीएम का पदभार ग्रहण करेंगे। वहीं परसवाड़ा में पदस्थ एसडीएम कमलचंद सिंहसार अब लांजी में एसडीएम का पदभार ग्रहण कर प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

## पत्नी का हत्यारा आरोपी पति गिरफ्तार

**बालाघाट( स्वतंत्र मत )।**

पत्नी के चरित्र पर संदेह के चलते गुसाये पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी, जिस मामले में रूपझर पुलिस ने आरोपी पति को घटना के करीब 10 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया गया।जानकारी अनुसार थाना रुपझर, चौकी डोरा क्षेत्रान्तर्गत् ग्राम खुड्डीपुर में 03 अक्टूबर को प्रार्थी लोकेश इनवाती ने बताया कि, माँ चैनवती इनवाती को घर पर जब मां खाना बना रही थी तब पिता सुभान सिंह ने कुल्हाडी से मार दिया है जिसके कारण वह जमीन पर बेसुध गिर गई और उसकी मुत्यु हो गयी है।

मेरे पिता घर के पीछे के खेत से भाग गये हैं रिपोर्ट पर थाना रूपझर मे अपराध धारा 296,103 (1) बी.एन.एस. का पंजीबध्द किया गया। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी डोरा, चौकी प्रभारी उकवा एवं थाना प्रभारी रुपझर मय स्टाफ के मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों तथा फोरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर शव पंचनामा कार्यवाही की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रूपझर निरी. नितिन पटले के नेत्रत्व में टीम गठित की गई। ग्राम खुड्डीपुर में हुई वारदात के आरोपी सुभानसिंह इनवाती की तलाश चौकी उकवा चौकी डोरा थाना रुपझर के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा लगातार 10 घंटे चुनौतीपूर्ण, अतिसंवेदनशील, नक्सल प्रभावित क्षेत्र के जटिल एवं दुर्गम जंगल में सर्चिंग उपरांत आरोपी सुभानसिंह पिता टिरकूसिंह इनवाती उम्र 48, ग्राम खुड्डीपुर निवासी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, गहनता से पूछताछ के दौरान आरोपी के जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी से घटना में प्रयुक्त की गयी 1 नग कुल्हाडी जप्त की गयी।

**इनका कहना हैं**

आरोपी सुभानसिंह अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था, जिससे वह आये दिन पत्नी से विवाद करता रहता था, घटना के दिन पर विवाद करते वक्त आवेश में कुल्हाडी से मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया था। जिसे 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया हैं।

**नितिन पटले थाना प्रभारी रूपझर**

## अवैध शराब विक्रय पर आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

**सिवनी ( स्वतंत्र मत )**

आबकारी आयुक्त सिवनी शैलेश जैन के मार्गदर्शन में गत दिवस को शुष्क दिवस पर शराब के सेवन पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाए जाने हेतु आबकारी विभाग के सिवनी जिले के आबकारी अमले द्वारा सघन गश्त एवं दबिश कार्य किया गया। जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 17 अपराधिक प्रकरण कायम किए गए हैं। कार्यवाही में आबकारी सिवनी मंडल के शहर वृत्त के अंतर्गत 04 न्यायालयीन प्रकरण , दक्षिण वृत्त के अंतर्गत 04 न्यायालयीन प्रकरण एवं उत्तर वृत्त के अंतर्गत 04 न्यायालयीन प्रकरण, लखनादौन और घंसौर वृत्त के अंतर्गत 05 प्रकरण अर्थात कुल 17 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

कार्यवाही में नंदकिशोर पंचेश्वर आत्मज साहब लाल उम्र 50 वर्ष निवासी साल्हे बरघाट, देवेंद्र आत्मज पूरनलाल उम्र 45 वर्ष निवासी साल्हे बरघाट, इनकार आत्मज भैया लाल उम्र 30 वर्ष निवासी टिह्ली टोला, सतीश आत्मज तुकाराम उम्र 40 वर्ष निवासी गुढी , किशोर कोहरी आत्मज तहेश उम्र 39 वर्ष निवासी बोरी बरघाट , गीताबाई पत्नी दिलीप सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी बोरी बरघाट, आयुष ढाबा संचालक आयुष साहू आत्मज रामकिशोर उम्र 24 वर्ष एवं ठाकुर ढाबा एवं रेस्टोरेंट संचालक निलेश ठाकुर आत्मज महेश ठाकुर उम्र 26 वर्ष निवासी छुई, दुलारी पति अनिल निवासी नन्दौरा, श्यामलाल पति सुक्खूलाल निवासी आमाकोला, झामूलाल पिता जग्गूलाल निवासी आमाकोला, अमलेश पिता रामभरोसे निवासी आमाकोला इत्यादि के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम ,1915 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण कायम किया गया है।

## शिक्षा अधिकारी ने की शासकीय शाला में मदद

**सिवनी ( स्वतंत्र मत )**किसी शाला की जर्जर स्थिति को अखबार का की सुर्खियों में आने के बाद उस समस्या का समाधान की पहल किये जाने को लेकर लोग जिला शिक्षा अधिकारी को कह रहे हैं। शा. प्राथमिक के शाला मरारी टोला ग्राम दुबे पंचायत ब्रम्हनी विखं. तिथि सिवनी में शाला की जर्जर स्थिति और बच्चों के बैठने के लिए टाट फट्टी व ब्लेक बोर्ड की समस्या का मामला जैसे ही सुर्खियों में आया एसएस कुमरे ने तत्काल ही शाला की टाट फट्टी की व्यवस्था करवाई।

## पुलिस प्रशासन द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च

**सिवनी ( स्वतंत्र मत )**गत दिवस को नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए एवं आम जनमानस की सुविधा के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसके माध्यम से आम जनता से अपील की गई की शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार मनायें।फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा के साथ फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर बस स्टैंड,



छोटी मस्जिद चौक, शुक्रवारी चौक,नेहरू रोड, गिरजाकुंड, दुर्मा चौक, चढिमरी मोहल्ला, मठ मंदिर तिराहा, छिन्दवाडा चौक, महावीर मढिया, शंकर मढिया, नगर पालिका चौक से होते हुए थाना कोतवाली में समापन किया गया। फ्लैग मार्च में सी.एस.पी. श्रीमाति पूजा पाण्डेय, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, डूंडासिवनी थाना प्रभारी किशोर वामनकर, थाना प्रभारी यातायात विजय बघेल, एस.एफ. बटालियन एवं रक्षित केन्द्र उपस्थित थे।



## एक हिताग्राही का बना भवन तो दूसरे हितग्राही की निकाल ली राशि

### जिला पंचायत में नहीं हो रही कार्यवाही

**सिवनी ( स्वतंत्र मत )**छपारा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सागर (मोहली) में शासन द्वारा गरीबी रेखा में आने वाले लोगों को दी जाने वाली आवास की सुविधा तो दी गई है लेकिन यह सुविधा एक परिवार में एक व्यक्ति को नियमानुसार दी जाती है। लेकिन इस गांव में आवास की सुविधा एक परिवार में कागजों में दो व्यक्ति को दी गई और एक व्यक्ति का भवन (आवास) बनाने के बाद दूसरे हितग्राही की आवास की राशि ग्राम पंचायत द्वारा अहरण कर ली गई, जो समझ से परे है।,मामले को लेकर प्रार्थी ने जब जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ नवजीवन पवार विजय को आवेदन के माध्यम से जानकारी दी तो आज दिनांक तक उन्होंने न तो इसकी जांच करना उचित समझा और न ही ग्राम पंचायत को कार्यवाही या के लिये नोटिस पहुंचाया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सागर मोहली निवासी शंकरलाल यादव पिता फागूलाल और पत्नि सुखवती यादव पिता के स मे प रामचरण यादव को सचिव से तखतसिंह इनवाती और रोजगार अ सहायक शिवकुमार झारिया ने ग्रामके एक ही परिवार में दो आवास स्वीकृत कर एक आवास की राशि में भवन का निर्माण कराया जबकि परिवार के एक अन्य सदस्य के नाम से राशि अहरण कर कागजों में आवास पूर्ण होना दर्शाया है। इस न मामले में सूक्ष्मता से जांच की मांगजनपद द्वारा की तालाबंदी की कार्यवाही रोजगार सहायककार्यपालन अधिकारी गत दिवस तक भी जमा नहीं की गई। जो नियम विरूध्द है शासन की मंशा है कि, आवास का लाभ ऐसे निर्धन परिवारों को मिले जो दैनिक कमाने वाले लोग हैं और उनकी आय इतनी नहीं है कि, वे अपना आवास बना सकें। लोगों को उम्मीद थी कि जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी को जनसुनवाई में आवेदन देने के बाद कार्यवाही होगी मगर उन्होंने रूचि नहीं ली अब लोगों को आशा है कि, गरीबों के हित में जिला कलेक्टर ग्रामीणों के साथ हो रही ज्यादती पर अंकुश लगाने की पहल करेंगे। जिला प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ सके। आरोप यह भी है कि, इस क्षेत्र में ग्राम पंचायतों पर जनपद पंचायत का नियंत्रण खत्म हो गया है। क्योंकि कोई भी शिकायत करने पर जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी न तो फाईल पढना उचित समझते और न ही जांच करना।

#### इनका कहना है

ग्राम पंचायत सागर (मोहली) की आवास योजना के संबंध में यह बात मेरे संज्ञान में आई है, में इसकी जांच करवाऊंगा।

**राकेश दुबे, जनपद पंचायत छपारा सीईओ**

# बारिश के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने व खदान बंद होने से नदी के किनारों से किया जा रहा उत्खनन

### ठेकेदार के संरक्षण में खुलेआम हो रहा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन

**सिवनी ( स्वतंत्र मत )** जिले के बरघाट विकासखंड अंतर्गत आने वाले हिरीं नदी एवं रोहड़िया नाले में इन दिनों खनिज माफिया बेखौफ होकर रेत का अवैध उत्खनन करके परिवहन कर रहे हैं। इस दौरान उनके द्वारा किसी तरह की कोई रायल्टी भी खनिज विभाग से नहीं ली जाती है। इतना ही नहीं रेत ठेकेदार के गुर्गो के द्वारा खद्दान क्षेत्र के बाहर भी अवैध उत्खनन कराकर रेत का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है लेकिन जानकारी होने के बावजूद भी संबंधित विभाग किसी तरह की ठोस कार्यवाही करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।उल्लेखनीय होगा कि बरघाट क्षेत्र हिरीं नदी स्थित रेत खदान का ठेका बालाघाट की फर्म के द्वारा लिया गया है जिसके द्वारा रेत का उत्खनन कराया जाता है। बारिश के मौसम के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण खदान बंद हो जाने पर क्षेत्र में स्थित छोटे नालों एवं नदी के किनारों में खदान क्षेत्र से बाहर अवैध उत्खनन किये जाने का सिलसिला निरंतर जारी है। हिरीं नदी खदान के अतिरिक्त चारबन, मढ़ी नाला, रोडिया नाला, नदौराघाट सहित अन्य स्थानों से खनिज माफियाओं द्वारा रेत का खनन कर निरंतर परिवहन किया जा रहा है। रेत के अवैध उत्खनन को लेकर क्षेत्रीयजनों ने कई बार स्थानीय प्रशासन एवं खनिज विभाग को मौखिक रूप सेअवैध उत्खनन के दौरान ग्रामीणों एवं भाजपा नेता ने हिरीं नदी क्षेत्र में पहुंचकर वहां चल रहे अवैध उत्खनन को लेकर आवाज उठाई जिसके बाद संबंधित विभाग के



अधिकारी मौके पर पहुंचे और कुछ ट्रेक्टरों को रोक कर ग्रामीणजनों को कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीण जनों ने अधिकारी के समक्ष आरोप लगाया कि रेत खदान ठेकेदार के संरक्षण में ही क्षेत्र में अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है लेकिन रेत ठेकेदार पर खनिज विभाग किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं करता है।सामने ही उन्हीं पर अवैध रेत परिवहन कर्ताओं को संरक्षण देने के आरोप भी लगाये। इस दौरान ग्रामीणजनों की भीड़ एकत्र हो गई थी और ग्रामीणों ने रोके गये ट्रैक्टरों एवं नदी से रेत निकालते ट्रेक्टरों व अधिकारियों की बात-चीत का भी इस दौरान वीडियों बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया। ग्रामीण जनों के द्वारा इस दौरान उच्चाधिकारियों से कार्यवाही की मांग भी की गई है।खनिज अधिकार ने किया मौका मुआयन: विवेक विगत कई दिनों से हो रही रेत अवैध खनन की बात को लेकर ग्राम वासियों ने क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं जनपद अध्यक्ष आभा रिंकू राहंगडाले को सूचित कर अवैध खनन की बात बताई की के जिससे मौके पर पहुंचने पर एक दिन पूर्वदर्जनों ट्रैक्टर हिरी नदी से रेत उत्खनन के कार्य में लगी थी फोन पर संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया किंतु मौके पर नहीं पहुंचे दूसरे दिन खनिज स्पेक्टर मौके पर पहुंची एवं मौके का मुआयना किया। यह हिंदी नदी काचना केकड़ाई घाट, सालहेकला स्थित नंदौराघाट मैं पहुंची ग्रामीणों ने अवैध उत्खनन की बात बताई एवं स्थानीय लोगों को मनमाने भाव में रेत बेचे जाने की बात बताई।गौरतलब आभा रिंकू राहगडाले रेतघाट पर पहुंचकर रेत माफिया पर अवैध उत्खनन होने पर कार्रवाई करने की बात कह रही है, हिरी नदी के पुलियों के नीचे से रेत निकालने पर पुलिया क्षतिग्रस्त हो रहा है, बगैर रॉयली के टोकन के माध्यम से बेधड़क रेत का उत्खनन बरघाट क्षेत्र में फल फूल रहा है वही अवैध उखनन को लेकर 5 दिन बाद एक महापंचायत का आयोजन जमुनार में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र रिंकू राहंगडाले द्वारा अवैध उत्खनन को लेकर सभी ग्राम के सरपंच सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ लोगों का आयोजन करने की बात कह रहे है आभा रिंकू राहंगडाले एवं उनके साथ बंटी कटरे सरपंच जेवनारा एवं सत्येंद्र मडावी, संजू परते, देवेश गौतम डालसिंह इनवाती, कैलाश उइके, अशोक नगढ़वाल शाहित पंच सरपंच लोग घाट घाट पहुंचकर अवैध उत्खनन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चिखलाबांध**
**जनपद पंचायत-खैरलांजी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2024 दिनांक 05/10/2024

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चिखलाबांध, जनपद पंचायत खैरलांजी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना, 15 वॉ वित्त आयोग, 5 वां वित्त आयोग, गौण खनिज, विधायक निधि, सांसद निधि, ग्राम पंचायत के अन्य योजना के तहत कार्य विभिन्न कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। उन कार्यों के लिए दिनांक 05/10/2024 से 11/10/2024 तक मोहर बंद लिफाफे में निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत भवन में लाकर जमा करा सकते हैं। निविदा के समय में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत चिखलाबांध का होंगा। जिसमें सामग्रीः रेत, गिट्टी 20 एमएम, 40 एमएम, सीमेन्ट, लोहा, ईट, बजरी, मिक्सर मशीन, वाई- वेटर, रोलर, पेबर मानक (गड्ढ), सेंट्रिंग, कुर्सी, पेंट, स्टेशनरी एवं पंचायत में लगने वाले अन्य सामग्री क्रय किया जाना हैं।

**शंकरलाल आचरे** सचिव | **मुनेश मार्को** उपसरपंच | **श्रीमती अनिता राजु बिठले** सरपंच

**समस्त पंचगण ग्राम पंचायत चिखलाबांध**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दुधारा**
**जनपद पंचायत-खैरलांजी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2024 दिनांक 05/10/2024

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दुधारा, जनपद पंचायत खैरलांजी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना, 15 वॉ वित्त आयोग, 5 वां वित्त आयोग, स्वकराधान, स्वच्छ भारत मिशन, गौण खनिज, विधायक निधि, सांसद निधि, परफारमेन्टन ग्रांट फण्ड, ग्राम पंचायत के अन्य योजना के तहत कार्य विभिन्न कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी है। उन कार्यों के लिए दिनांक 05/10/2024 से 11/10/2024 तक मोहर बंद लिफाफे में निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत भवन में लाकर जमा करा सकते हैं। निविदा के समय में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत दुधारा का होंगा। जिसमे सामग्रीः रेत, गिट्टी 20 एमएम, 40 एमएम, सीमेन्ट, लोहा, ईट, बजरी, मिक्सर मशीन, वाई- वेटर, रोलर, पेबर मानक (गड्ढ), सेंट्रिंग, कुर्सी, पेंट, स्टेशनरी एवं पंचायत में लगने वाले अन्य सामग्री क्रय किया जाना है।
ग्राम पंचायत में पलास के पेड़ पर लगने वाली लाख की निलामी की जानी हैं। अधिक जानकारी के लिए ग्राम पंचायत के कार्यालयीन समय पर जानकारी ले सकते हैं।

**तुलसीदास डहरवाल** प्रभारी सचिव | **पुष्पेन्द्र देशमुख** सरपंच

**समस्त पंचगण ग्राम पंचायत दुधारा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अतरी**
**जनपद पंचायत खैरलांजी,जिला बालाघाट(म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा/2024 दिनांक 05/10/2024

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत अतरी, जनपद पंचायत खैरलांजी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना, 14 वां वित्त, 15 वां वित्त आयोग, 5 वां वित्त आयोग, स्वकराधान, स्वच्छ भारत मिशन, गौण खनिज, विधायक निधि, सांसद निधि, फरफारमेंस ग्राण्ड फड़ एवं पंचायत के अन्य योजनाओं के तहत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय किये जानी हैं। इस कार्यो के लिए 05/10/2024 से 11/10/2024 तक मोहरबंद लिफाफे में निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचातय भवन अतरी में लाकर जमा कर सकते हैं। निविदा के समय में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत अतरी का होगा। जिसमें सामग्री हेतु गिट्टी, 20 एमएम, 40 एमएम, सिमेंट, लोहा, ईट, रेत, बजरी, मिक्सर, मशीन, वाईबेटर, रोलर, गट्टू, सेट्रींग, पेंट एवं स्टेशनी एवं पंचायत में लगने वाली अन्य सामग्री क्रय किया जाना हैं। अधिक जानकारी के लिए ग्राम पंचायत में कार्यालयीन समय में पहुंच कर ले सकते हैं।

**श्रीमति रिमनबाई मेश्राम- सरपंच**
**श्री निरंजन लिल्हारे- सचिव**
**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अतरी**